अब कहा गया है कि एक इन्क्वायरी कमेटी बिठाई गई है। आप कोई भी कमेटी बिठायें, हमारा तजुर्बा बतलाता है कि इस तरह से कुछ होने वाला नहीं है। हमने देख लिया है कि एल० आई० सी० में जो स्कैंडल हुआ था और जिसमें देश का दस लाख रुपया या उससे भी अधिक रुपया बरबाद हुआ था और किस तरह से देश का जो कानून था उसकी बेहुरमती की गई, लेकिन उसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। इसका भी कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है और न किसी शख्स के खिलाफ कुछ होने वाला है। आप कमेटी बिठायें या न बिठायें लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि पानी को रोकने के लिये आप क्या कर रहे हैं। २१ जून से लेकर आज तक आप पानी को रोक नहीं पाये हैं। टनल में उसी तरह से पानी भरता जा रहा है। ५,००० क्यूसेक पानी जो जमीन के ३०० फीट नीचे चला गया है उसके बावजूद भी आप कहते हैं कि डैम सेफ है, यह ऐसी बात है जिस पर यकीन नहीं किया जा सकता है। हम कोई इंजीनियर नहीं हैं। हम तो लेमैन हैं। लेमैन की हैसियत से हम नहीं समझ पाये हैं जब आप यह कहते हैं कि कि होयस्ट चैम्बर की छत अभी तक कायम है। आप हमको रिएशोर करते हैं लेकिन हमारा जो शुबहा है वह बढ़ता ही जाता है। आप कहते हैं कि छोटी छोटी मशीनरी को निकाल लिया गया है। मैं कहता हूं कि आप इन चीजों को जो छोटी छोटी हैं, छोड़ दें, आप मशीनरी निकालें या न निकालें जो असली चीज है वह यह है कि न आप पानी बन्द कर सके हैं और न ही लोगों को यकीन दिला सके हैं कि दरअसल में जो सबस्टेंस डैम है वह ठीक है।

आज लोग शिकायत करते हैं कि इसकी मियाद को, इस डैम को बनाने की मियाद को डेढ़ बरस, दो बरस या इससे भी अधिक बढ़ा दिया गया। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि यह जो स्कीम थी यह सन् १९२२ में शुरू हुई है। तब कहा गया था कि यह आने वाला है। १९४७ में हम नेहरू जी की खिदमत में पेश हुये और उन्होंने हमें कहा कि डैम १९५१ तक बन जायेगा। वह साल गुजरा १९५२ गुजरा १९५४ गुजरा, पानी के साथ साथ बिजली की बात भी उसके साथ जोड़ दी गई। इस तरह से वक्त गुजरता चला गया

[पण्डित ठाकुर दास भार्गव]

और अब १९५९ में यह पक्की बात थी कि दुगुना पानी मिल जायेगा । अब यह १९६० हुआ, १९६१ हुआ । मै कहता हू आप १९६२ कर दीजिये । लेकिन आप साफ साफ बतायें कि मामला क्या है ।

मेरे दोस्त ने एक दो वाकात् आपके सामने रखे हैं । मैं भी एक वाका आपके सामने रखना चाहता हू । आपने हुक्म दिया कि जिला हिसार में फला दिन पानी आयेगा । लोग खुशिया मनाने लग गये । एक जगह से जहा पानी आना था, वहा पर एक बडा साइफिन बना था, जिसमें से पानी गुजरता था, वह सारी की सारी बैठ गई और इसकी वजह यह थी कि आपके इजीनियर्स ने वहा पर सिमेंट के बजाय मिट्टी लगा दी थी । इसकी वजह से दस दिन तक काम ठप्प रहा, काम डिले हो गया । यही एक वाकया नहीं है । मैं एक और वाकया बयान करना चाहता हू । जिला हिसार मे सिमेंट के मकान नहीं बनते थे । आज वहा पर आप जा कर देखें तो पता चलेगा कि कितने ही सिमेंट के मकान खडे हो चुके है । इसका क्या वजह है ? इसकी वजह यह है कि वहा पर आपके कर्मचारियों व ठेकेदारों ने सिमेंट बेचा है जिसको लोगों ने खरीदा और मकान खडे कर लिये और आपके लोगों ने सिमेंट की जगह पर मिट्टी लगा दी । कई सौ बोरे इस तरह से बेचे गये । इजीनियर्स की ही बात नहीं, बडे से बडे मैम्बर्स के बारे में यहा पर इस हाउस मे कहा गया, मिनिस्टर्स की बाबत यहा कहा गया, एक करोड रुपये के गबन की बात की गई लेकिन किसी ने कोई परवा नहीं की । मामला खत्म कर दिया गया । अव्वल दर्जे का कारप्शन हुई और इतना खर्च किया गया जिसका कोई ठिकाना ही नहीं । खैर जो हुआ सो हुआ । लेकिन आज के दिन जब तक आप एशोअर न कर दें कि डैम साउंड है लोगो को तसल्ली नहीं हो सकती, हिसार के गरीब लोगों को सन्तोष नहीं हो सकता है । आपने इन्क्वायरी कमेटी बिठाई है और मैं समझता हू कि एल० आई० सी० की तरह से ही इससे कुछ नतीजा नहीं निकलेगा, किसी पर रिस्पांसिबिलिटी फिक्स नहीं हो सकेगी । मैं इस बात में यकीन नहीं करता हू कि आपके जो बडे बडे इजीनियर्स है, मि० खोसला है, मि० सेन है, उनमें से कोई भी ऐसा शख्स है जोकि देश का नुकसान करना चाहता हो । कोई भी नहीं चाहता कि देश का नुकसान हो । मुझे अपने इजीनियर्स पर पूरा भरोसा है, बेहद एतबार है । एक बार मौका आया था और मैंने हीराकुड और दामोदर वैली को भी स्टडी किया था वहा पर मैंने देखा कि आपके अपने ही इजीनियर्स मे, हिन्दुस्तान के इजीनियर्स में ही झगडा हो गया जिस के नतीजे के तौर पर बाहर से इजीनियर्स को मगाना पडा । बडी भारी तनख्वाह उनको दी गई । सारा क्रेडिट उस चीज का उनको गया । यह भी इजीनियर्स का काम है । हमारे इजीनियर्स भी इसको अच्छी तरह से कर सकते हैं । लेकिन मैं समझता हू कि आज हमको अपने पर शायद यकीन कम हो गया । इस वास्ते मैं अर्ज करना चाहता हू कि कितना भी खर्चा हो, आप बाहर से स्लोकम से भी बढ़िया किसी आदमी को मगाये बैस्ट इजीनियर को मगाये लेकिन एक बार आप जरूर इस डैम की साउंडनैस का आप टैस्ट करवा दे । अगर एक बार डैम के अन्दर पानी जाना शुरू हो गया और डैम का कोई नुकसान पहुचा तो मैं समझता हू कि यह इतना भारी नुकसान होगा कि जो बयान नहीं किया जा सकता है । आपका १७० करोड रुपया जाया हो जायेगा । खैर उस रुपये का तो आप टैक्स लगा कर लोगो से वसूल कर लेंगे । लेकिन जो हजारों करोडो आदमियो का सत्यानाश हो जायेगा, इलाकों के इलाकों का सत्यानाश हो जायगा उसे कितने ही बरसो तक हम उसको पूरा नहीं कर सकेंगे । इस वास्ते सब से पहली चीज यह

है कि वर्ल्ड के बैस्ट एक्सपर्ट्स को बुला कर इस बात की तसल्ली करें कि आया जो डैम है यह साउंड है या नहीं है। अगर इसके अन्दर कोई कमी है तो आप शरमायें नहीं कि लोग क्या कहेंगे लेकिन बात को साफ तौर से लोगों को बतायें और जो असली चीज है उसे उनके सामने रखें। आप सब से पहले इस तरफ तवज्जह दें कि डैम साउंड है या नहीं। अगर इस चीज को आप कनफर्म कर ले तो हम सब बातों को भूल जायेंगे। लेकिन हम इसको बरदाश्त नहीं कर सकते कि डैम खत्म हो जाय और इस तरह से न सिर्फ रुपया खाया जाय बल्कि सारा कुछ ही खत्म हो जाय।

जहां तक बैटरमेंट फीस का सवाल है, उसके बारे में मैं इतना कहना चाहता हूं कि आप इतनी शर्म तो करें कि आप जो बैटरमेंट फी के तौर पर मांग रहे हैं उसे देने को हम तैयार हैं। हमने कभी भी इस पर एतराज नहीं किया। अगर एतराज करने की बात हो तो पचासियों तरह के एतराज उठाये जा सकते हैं। लेकिन कभी भी कोई एतराज नहीं उठाया गया है। हम पंजाब की साख को बनाये रखना चाहते हैं। पंजाब गवर्नमेंट ने जो रुपया आपको देना है, हम चाहते हैं कि वह उसे आपको अदा कर दे। हम किसी तरह की हुज्जत नहीं करते। लेकिन किस मुंह से आप रुपया मांगेंगे जबकि आपने सिमेंट की जगह पर मिट्टी लगाई और जो इंजीनियर्स थे वे आपस में लड़ते रहे और साथ ही साथ आज के दिन वह काम जो पूरा होना था पूरा नहीं हो सका। मैं किसी को दोष नहीं देता। दोष दूं भी किस को। हमारे जो मिनिस्टर साहिब इस महकमे में हैं, रोज तबदील होते रहते हैं और हर एक मिनिस्टर पूरी कोशिश करता है, इंजीनियर्स पूरी कोशिश करते हैं। लेकिन जो हुआ है वह अनफार्चुनेट है जिसके वास्ते किसी को जिम्मेदार ठहराना मुश्किल है। अब जब ऐसी मुसीबत पड़ी, नैशनल डिजास्टर पड़ा, उसको हम देखें। जो नुकसान हुआ वह सरीहन गफलत से हुआ। यह सब है, लेकिन इस वक्त जो बात आपको सोचनी है वह यह है कि आप किस तरह से पहले इस पानी को बन्द कर सकेंगे। अगर यह पानी बन्द नहीं हुआ, जैसा कि आज मुझे जल्द बन्द होता हुआ नजर नहीं आता, तो मुझे डर है कि इतना नुकसान होगा जिसका हमें आज ध्यान नहीं है।

17 hrs.

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस डैम को कायम रखने में हम कामयाब भी हुये तो जैसा कि चीफ इंजीनियर का कहना है, कम से कम छः महीने तक होयस्ट चैम्बर तक नहीं जाया जा सकता और जब तक वहां जाया नहीं जा सकता तब तक पता नहीं लगाया जा सकता कि किस का कुसूर था। जो एन्क्वायरी कमेटी बैठेगी वह पता भी लगा ले तो सवाल हो जायगा कि यह एक एरर आफ जजमेंट थी। इसलिये जो एन्क्वायरी की बात कही जाती है मैं उसके कोई हक में नहीं हूं। मैं इस हक में हूं कि जैसे भी हो सके इस पानी को सबकी कोशिश से बन्द किया जाय। इस से डैम ठीक रहेगा और मजीद नुक्सान नहीं होगा। लेकिन इसके साथ साथ मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि बराय मेहरबानी जरा उन गरीबों पर तो रहम कीजिये, जिन से आप बैटरमेंट लेवी लेना चाहते हैं, जिन की प्रास्पेरिटी खत्म हो चुकी है। मैं समझता हूं कि पंजाब आज ऐसा सूबा है जिसमें सब से कम इंडस्ट्रीज हैं। राजस्थान भी हमारे साथ का ही एक सूबा है। वह हमारे साथ लगा हुआ है। बदकिस्मती से वह भी हम से अच्छा नहीं है। जिस सूबे के अन्दर इतनी इंडस्ट्रीज हों, उस सूबे के अन्दर बिजली की इतनी कमी हो जाय, बिजली का सारा सिस्टम खत्म हो जाय यह एक नैशनल डिजास्टर है। इसलिये मैं गवर्नमेंट की खिदमत में अर्ज करूंगा कि जहां तक बैटरमेंट लेवी का सवाल है उस में मेहरबानी करके थोड़ी सी रियायत दीजिये। आज वहां के लोगों का इतना नुक्सान हुआ है जिसकी

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

इन्तहा नहीं है । जो कुछ पंजाब के लिये एलोकेशन हुआ है, उसका जो नुक्सान हो रहा है, मैं उसको जिम्मेदारी किसी खास आदमी पर नहीं रखता । बदकिस्मती हमारी है, लेकिन यह आप के सोचने के काबिल चीज है कि जिस प्रांविस को इतना नुकसान हुआ है उसका आप कुछ तो ख्याल कीजिये ।

चौ० प्र० सि० दौलता (झज्जर) जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, यह डैम जो दुनिया का मजूबा है, हिन्दुस्तान की शान है और पंजाब और राजस्थान की जान है, आज एक मुसीबत का शिकार है । दुरुस्त है कि यह मुसीबत एक नैशनल कैलेमिटी है, मुल्की नुकसान है । लेकिन पंजाब के लोगो के लिये यह जिन्दगी और मौत का सवाल है । मुझे २३ बरस पहले का वह दिन याद है जब मेरे सयासी गुरु मरहूम चौधरी छोटू राम बिलासपुर के महाराजा से मिलने के लिये गये । इसलिये कि महाराजा बिलासपुर ने कहा कि मैं अंग्रेजी इल्के मे दाखिल नही हूंगा और चौधरी छोटू राम ने कहा कि मैं बिलासपुर के इल्के में हरगिज नही जाऊंगा, और इस नदी के बीच मे बैठकर यह तय हुआ कि पंजाब के इस डैम के लिये महाराजा बिलासपुर कैसे जमीन दे । मै उस दिन दस्तखत के वक्त मौजूद था । सब से पहले भाखरा के लिये दस्तखत यूनाइटेड पंजाब की मिनिस्ट्री ने दिये थे । ६ जनवरी, १६४५ को मरहूम सर छोटू राम की डेथ हुई और ८ जनवरी, १६४५ को, भाखरा की फाइल को आप देख सकते है, उनके दस्तखत है । दस्तखत करते ही पंजाब की उस बडी आत्मा ने कहा, "अब हे मालिक, चाहे उठा लो, मै अपना फर्ज पूरा कर चुका ।" मुझे दुख है कि वह अभागा डैम आज टूटा है । इस वक्त भाखरा नही टूटा, लोगो का विश्वास टूट गया हम सब से । यह किसी पार्टी या किसी तगदिली का सवाल नहीं है, लेकिन जो भी यहा के हुक्मरा साहबे एक्तदार कहलाते हैं, उनमें जनता का विश्वास सब से उठ गया, चाहे वह इधर के बैठने वाले हों या उधर के बैठने वाले हों । यह एक ऐसा हंगामा है जिस को महज मजाकिया इटरप्शन्स से एक कामन चीज नहीं समझा जा सकता । अगर हमारी कोई मैच्योर्ड नेशन होती तो आज तक मिनिस्टर साहब ने इस्तीफा दे दिया होता । खुद जो कंट्रोलर है, जो मालिक है, जो जिम्मेदार है, वह अपना रेजिग्नेशन देते, अगर हम मैच्योर्ड नेशन होते । हमें मालूम है कि इस हगामे को हमने उस सजीदगी से नही लिया जिस सजीदगी से हमे इसे लेना चाहिये था । बहरहाल मै इस बात में न जाते हुये अर्ज करना चाहता हू कि जो बयानात मोहतरम वजीर साहब की तरफ से आने रखे वह बिल्कुल नातसल्लीबख्श है हिन्दुस्तानी, पंजाबी, राजस्थानी और तमाम लोगो के लिये । जो जरूरी सवालात है उनमे से एक का भी जवाब नही है इन बयानात मे । हम साफ साफ जानना चाहते है कि यह डैम टूटा क्यो । नही बताया जाता । डैम का टूटना हमारी बदनसीबी है, लेकिन उससे बडी बदनसीबी यह है कि हमारे इजीनियर और हमारे हुक्मरा यह न जाने कि यह डैम टूटा क्यो ।

कुछ माननीय सदस्य : डैम नही टूटा ।

चौ० प्र० सि० दौलता : मै हैरान हू । मैं २३ साल से इस चीज को देखता रहा हू । कोई गलतफहमी में न रहे । जब पहली दीवार गिरी उस वक्त यहां बताया गया कि कुछ नही, यह दीवार तो फालतू थी, टूट गई, कुछ नही हुआ । सब से पहली चीज टनेल बनी । सब से पहले हम ने टनेल्स पर ध्यान दिया था जो कि पहला कंस्ट्रक्शन था । आज उस का गेट टूट गया, उस गेट के टूटने के साथ जो केबल गैलरी कहलाती है और उस डैम के बीचोबीच जाती है, उस केबल गैलरी से पानी जाता है । उस गैलरी से नजदीक की पहाड़ियो में सीमेंट इंजेक्शन करने के लिये गैलरियां बनी हुई हैं । उन गैलरियों में भी

पानी आ रहा है, आज डैम की कोई चीज नहीं है जिस में पानी न गया हो । इस हकीकत को छिपाने से कोई लाभ नहीं है । हर मौके पर कहा जाता है कि डैम मजबूत है । मुझे यही बात याद आती है कि टांग भी टूट गई, खोपड़ी भी टूट गई, पर सांस तो आती है । लेकिन इस से कोई फायदा नहीं है कि लोगों को गलतफहमीयां में रक्खा जाये । चीज यह है कि आज के दिन पंजाब के सामने दो सवाल हैं । जब एक बड़ा काम करते हैं तो उस में एक जुआ होता है । अगर काम कामयाब हो जाये तो पौ बारह, लेकिन अगर कामयाबी न हो सके, काम फेल हो जाये तो उस का खतरा उतना ही बड़ा होता है । पहले पंजाब के लिये जब डैम ऊपर उठ रहा है, राजस्थान के लिये ऊपर उठ रहा है तब हम सोचते थे कि हमें पानी मिलेगा, लेकिन हम यह भी सोचते थे कि अगर सीमेंट में खराबी हुई या इंजीनियर्स में लड़ाई रही या फारेन एक्सपर्ट और लोकल इंजीनियर्स में जेलसी रही या कोई और चीज हो गई किसी तरह की गडबडी हो गई तो पंजाब और राजस्थान के लोगों की जरा भी खैर नहीं है । आज के दिन जो पोजीशन है उस को देखिये । मैं समझता हूं कि आज यह पोजीशन आ गई है कि हमें कामयाबी नहीं हुई है और डैम खतरे में है, राजस्थान और पंजाब के लोग खतरे में है । इस वक्त मसला जजबाती नहीं है जैसे कि आप बयानात दे रहे हैं । जिन में कहा जाता है कि स्लोकम का यह रिश्ता था बाकी इंजीनियर्स से । यह स्लोकम आज कहता है कि हम को सुप्रीम कमान्ड बनाओ । क्या पहले वह सुप्रीम कमांड में नहीं था । अगर नहीं था तो आप ने इतना बड़ा सफेद हाथी इतनों दामों पर क्यों बांधा हुआ था ? जब वह कहता है कि सुप्रीम कमांड दो तो आप बयान निकालते हैं गवर्नमेंट की तरफ से कि स्लोकम क्या चाहता है यह हम नहीं जान सके । उस की स्पेसिफिक डिमांड है कि मुझे सुप्रीम कमांड बनाओ और मेरे डाइरेक्शन में यह काम हो । गवर्नमेंट ने इस को मंजूर किया या नहीं इसे आप साफ क्यों नहीं बतलाते ? दायें और बायें करते हैं कि आज की मीटिंग में स्लोकम ने यह बात मान ली । इस से कोई तसल्ली नहीं होगी ।

एक सवाल है, हमें इस मौके को किसी तंगदिली के साथ या तगनजरी के साथ नहीं देखना चाहिये । यह एक कौमी मुसीबत है । लोगों के जो शकूक हैं, मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि वह उन की तरदीद करें । मिसाल के तौर पर सब यह जानते हैं कि यह गेट तब टूटा जब यह गेट डाला गया । पानी का प्रेशर आ रहा था जब यह डाला गया । इंजीनियर हमें समझाते हैं, मैं गया ३ तारीख को तब वह समझाते हैं कि इस लिये गेट डाला गया कि यह जो प्रेशर है वह कम हो जाये फ्लो की वजह से । मैं इस चीज को नहीं समझ सका, थोड़ी सी साइंस पढ़ी है, स्कूल में पढ़ा था, किसी कालेज में तो नहीं, जब दर्वाजा खुला हो तब प्रेशर ज्यादा हो और बन्द हो जाये तो हायेस्ट पर प्रेशर कम हो जाये । क्या यह सच नहीं है कि पंजाब हाई कोर्ट ने रिट कबूल किया है कि पंजाब गवर्नमेंट उस वक्त तक बेटरमेंट लेवी रिअलाइज नहीं कर सकेगी जब तक पानी खेतों में नहीं पहुचेगा । क्या यह बात दुरुस्त नहीं है कि पंजाब गवर्नमेंट की मर्जी से यह गेट नीचे डाला गया ताकि पानी स्टोर हो और खेतों में पहुचे ताकि वह बैटरमेंट लेवी रिअलाइज करे ? परमात्मा करे वह गलत हो, लेकिन गवर्नमेंट को इस की तरदीद करनी चाहिये ।

कुछ माननीय सदस्य : यह गलत है ।

श्री प्र० चि० दौलता : जो लोग गवर्नमेंट की हर बात में हां मिलाते हैं, हां कहे तो वह हां कहेंगे और ना करे तो ना कहेंगे, उन की बात से जनता को तसल्ली नहीं होती । इसलिये मैं आनरेबल मिनिस्टर साहब से कहूंगा यह आनरेबल मैम्बर्स तो यह चाहते हैं कि उन की बातें अखबारों में छपें जिन को कैरों साहब पढ़ लें कि कहां पर वह यह बोले ।

[श्री प्र० सिं० दौलता]

लेकिन इस से कुछ हासिल नहीं होगा । मुल्क आज मुसीबत में है, जजबाती तौर पर राजस्थान में मुसीबत है, मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या पंजाब गवर्नमेंट की ऐसी हिदायत थी या नहीं या इंजीनियर ने अपनी मर्जी से गेट डाला । मैं उन इंजीनियर्स को दाद दे रहा हूं । वह आगे बढ़ रहे हैं, बहुत अच्छे इंजीनियर है, उन इंजीनियरों में मेरा भी विश्वास है, लेकिन मैं उन को इस काम के लिये दाद देने को तैयार नहीं हूं जो कि उन की नाकामी हमारे सामने पड़ी है अब मैं कैसे दाद दे दूं जब कि मेरे सामने डैम टूट रहा है और उस हालत में हम कैसे उनकी ताजीम के लिये सिर झुका दे ? मैं साफ कहना चाहता हू कि जब पहली दीवार टूटी तो हमारा विश्वास टूटा और अब जब टनल टूटा तो हमारा विश्वास और भी रहा सहा टूट गया । आज मैं यह साफ तौर पर कह देना चाहता हूं कि आम जनता के दिल में इन इंजीनियर साहबान के लिये रिस्पैक्ट नही है । अब चूंकि मेरा वक्त खत्म हो चला है इसलिये मैं और ज्यादा न कह कर सिर्फ यही कहना चाहूगा कि आप जो इनक्वायरी करायें वह ऐसी करायें जो कि तसल्लीबख्श हो और ऐसी इनक्वायरी न हो जैसी कि अब तक होती रही है कि जो उसके कसट्रक्शन के लिये जिम्मेदार थे वही लोग इनक्वायरी भी कर रहे थे ।

सब से अहम बात और उसूल की बात मेरे मोहतरीम बुजुर्ग जो कि हिसार से आते हैं उन्होंने अभी हाउस के सामने अर्ज की है और वह यह है कि "हू विल पे फॉर दिस लौस" ? क्या यह बैटरमेंट लेवी पंजाब के किसानो से ली जायेगी या यह बैटरमेंट लेवी गवर्नमेंट आफ इंडिया पे करेगी ? पहले चीफ इंजीनियर भाखडा के मिस्टर शर्मा और दूसरे बहुत सारे इंजीनियर करप्शन की बिना पर पकड़े गये थे और इसी बिना पर पकड़े गये थे कि उस डैम में करप्शन है मगर जैसा कि अक्सर गवर्नमेंट इनक्वायरीज में होता है कि बड़े बड़े अफसर बच जाया करते हैं तो यहां भी जो इनक्वायरी हुई उसमें बड़े बड़े अफसरान तो बच गये और छोटे लोग फंस गये जैसे कि हमेशा छोटे लोग बरबाद हुआ करते हैं । लेकिन आज भाखड़ा में उनका करप्शन फूट निकला है । अब भाखड़ा के बारे में जो इनक्वायरी बिठायी जानी है तो वह ऐसी इनक्वायरी हो जिसमें जनता का विश्वास पैदा हो । साथ ही जो नुकसान हुआ है उसके पेमेंट के बारे में यह साफ हो जाये कि उसके लिये सेंट्रल गवर्नमेंट पे करेगी और पंजाब या राजस्थान के लोग बेटरमेंट लेवी नही देंगे । मुझे तो डर है कि बेटरमेंट लेवी के जमाने में जिन देवियों और मवेशियों को गोलियों से मारा गया क्या उनकी आह भाखड़ा में तो नही है । इस बेटरमेंट लेवी के सिलसिले में १०००० लोगों को जेलो में डाल दिया गया । अब चूंकि मेरा वक्त खत्म हो चुका है इसलिये मैं और ज्यादा वक्त न लेते हुए सिर्फ यही अर्ज करूगा कि पंजाब के लोगो को और हिन्दुस्तान के लोगो को विश्वास दिलाने के लिये आपको एक ऐसी इनक्वायरी बैठानी होगी जिस पर कि जनता का पूर्ण विश्वास हो और जैसी इनक्वायरी आपने बैठाई थी उससे लोगों को तसल्ली नही होगी ।

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : जनाब डिप्टी स्पीकर, एक फिकरा मुझ को याद आता है जो कि मैं शुरू में अर्ज करता हूं ताकि जिस पोजीशन में मैं इस वक्त हूं उसका कुछ अन्दाजा हो सके और वह यह है —

"वक्त कोताह, किस्सा तूलानी" ।

जो वक्त मेरे पास इस वक्त है यहां बोलने के लिये वह मेरे नजदीक इतना काफी नही है कि मैं उन तमाम बातो को इस हाउस के सामने इस थोड़े वक्त मे रख सकूं जिनका कि रखना मेरे नजदीक बहुत जरूरी है । एक दरख्वास्त आपके जरिये से मैं मैम्बर साहबान से करूंगा

कि अगर उनको मुझ से कुछ पूछना हो या सफाई तलब करनी हो तो उस वक्त तक मुझे माफ फरमाये जब तक कि मैं अपनी गुजारिश खत्म न कर लू । अलबत्ता जिस वक्त मैं अपनी बात खत्म कर लू तो आनरेबुल मेम्बर्स मुझ से सवालात पूछ सकते हैं और मै उनको जहां तक मुझ से बन पडेगा क्लेरिफाई करने की कोशिश करूगा ।

खैर मैं यह अर्ज कर रहा था कि जो बात मुझे अर्ज करनी है उसके लिये वक्त काफी नही है लेकिन फिर भी अर्ज करना है अर सब से पहले मै इस ऐवान का और इस हाउस के मेम्बरान का बहुत बहुत शुक्रिया अदा करता हू कि उन्होने एक ऐसी जरूरी चीज की तरफ इतनी तवज्जह की जितनी कि तवज्जह उनको करनी चाहिये थी और उन्होने यह चाहा कि वह मुझ को और गवर्नमेंट को इस मामले के अन्दर कोई रास्ता दिखलाये । लेकिन बदकिस्मती है मेरी कि बावजूद सब सुनने के मैं अपनी मजबूरी अर्ज करूगा माफी मागते हुए कि मुझ को वह रास्ता नजर नही आता है ।

जो तकरीरें मैंने अभी सुनी उनका नतीजा जो है वह मैं हुजूर के और इस ऐवान के सामने अभी रखता हू । उनमे इस नतीजे पर पहुचा जा सकता है कि आया वाकई हमने कोई सही रास्ता उस चीज के हासिल करने का, जिसका कि यहा जिक्र हुआ है, पा लिया कि नही पा लिया । सही है कि मैंने इस वाकये के मुताल्लिक चार बयान इस हाउस मे दिये और उनकी निस्बत आज मैंने सुना भी कि वह कुछ नाकारा बयान थे और उनके अन्दर वह कुछ नही था जो कि मुझ को इस हाउस के सामने पेश करना चाहिए था । मेरी बदकिस्मती है मगर मुझ को इसका अफसोस है कि मैंने अपने भाई मुअज्जिज मेम्बरान से भी वह नही सुना जिसके कि सुनने की मुझ को तवक्को थी कि क्या किया जाय इस मामले के अन्दर । भाखडा डैम मेरे नजदीक हिन्दुस्तान की एक अहमियत वाली चीज है । सिर्फ पजाब का ही नही है और जहा तक मैं हू मेरा ताल्लुक भाखडा डैम से हकीकी ताल्लुक जो है वह आज इस दिल्ली में एक मिनिस्टर बनकर आने से नही हो गया है बल्कि म उससे दिलचस्पी रखता रहा हू उस जमाने से जिस जमाने से कि उसके बनाने की कार्यवाही शुरू हुई और मैं कब्ल इसके कि यहा आया, दो दफे मै वहा गया, उससे पहले मैं तीन दफे भाखडा डैम गया हू और भाखडा डैम की तामीर मैं जो इजीनियर साहबान इसोशिएटेड रहे हैं उनसे भी अपना ताल्लुक रखता रहा हू और इसकी निस्बत मैं मालूमात हासिल करता रहा हू ताकि उससे मुझ को भी कुछ रोशनी हासिल हो । मगर उस हमदर्दी और उस ताल्लुक को जो भाखडा डैम से मेरे दोस्तो ने यहा जाहिर किया और जो वाजई है और उसकी निस्बत कोई शक नही हो सकता है कि पजाब की ही नही बल्कि हिन्दुस्तान के एक बहुत बडे इलाके की अगर आयन्दा किस्मत बनाने का ताल्लुक है तो वह उस डैम से है । अगर वह बिगड जाता है और नही बनता है तो मुद्दत के लिए वह इलाका का इलाका बिगड जाता है और बर्बाद हो जाता है । यह एक जाहिर बात है । यह मैंने इसलिए अर्ज किया कि मैं उस मामले को किस प्वाएट आफ व्यू से देखता हूँ किस निगाह से देखता हूं और मैं हुजूर के जरिए उन मेम्बर साहबान को जिनको कि बहुत ज्यादा दिलचस्पी इस मामले से है यकीन दिलाना चाहता हू कि मै उसकी अहमियत और जरूरत के अहसास में उनसे किसी तरह पीछे नही हूँ ।

अब यह वाकया हुआ और उस वाकये की बिना पर उसको पहले दो वाकयो से मुताल्लिक करके एक बडी डराउनी तस्वीर हाउस के सामने कायम कर ली गई, आखो के सामने एक ऐसा तारीक पहलू एक डार्क साइड आगई जिससे कि उम्मीदो के बजाय उन पर

[हाफिज मुहम्मद इब्राहीम]

खाक पड़ जाये और हिन्दुस्तान के अवाम पर और उस पंजाब के रहने वालों की तबियतों पर वह असर हो कि आज उनके अन्दर जो हिम्मतें बची हुई हैं वह हिम्मतें टूट जायें और वह उस हिन्दुस्तान के अदर काम करने वाले जो उनके मुलाजिम भाई हैं, उनसे मायूस होकर यह समझें कि आज हिन्दुस्तान की किस्मत डूब गई है और देश सम्हल नही सकता। मेरा कहना है कि यह सही बात नही है और यह तरीका सही नही हो सकता। उस मामले को उस नजर से देखना जिस नजर से कि देखा गया है उसकी निस्बत मैं यह अर्ज करता हू और बड़े अदब के साथ अर्ज करना चाहता हू कि यह मामला इस तरह से देखने के काबिल नही हैं। वह तो इस हैसियत से देखने के काबिल हैं कि जिन से हम काम कराते है वह हमारे इंजिनियर हैं, उनका नाम हिन्दुस्तान के अन्दर हैं, वह बड़े इंजिनियर हैं। ताज्जुब यह है कि पंजाब के आदमी यह कहे कि हमारे इंजिनियर नालायक हैं। मैं वह हू कि जो पंजाब के इंजिनियरो की अपने दिल में कद्र करता हू, उनकी काबलियत की, उनके इल्म की, और उनके ऊपर ऐतमाद करता हू। जब भी कोई ऐसा मामला मुल्क के सामने पेश आवेगा तो वह इब्राहीम की राय पर नही चलेगा बल्कि उनकी राय पर चलेगा जो कि उस काम को जानने वाले हैं। और जो उसकी निस्बत राय दे सकते हैं। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि अगर उनमें बेहतर इंजिनियर हैं जिनके ऊपर यह मुल्क रिलाई करना चाहता है, तो मैं उन पर रिलाई करने के लिए तैयार हू, उनसे बातें करने के लिए तैयार हू, उनमे रोशनी लेने के लिए तैयार हू, उनकी हिदायत मानने के लिए तैयार हू और जो आदमी इस काम को करते हैं उनको उस रास्ते पर लगाने के लिए तैयार हूं। लेकिन महज इस किस्म की बातें करके तो आप उन सरविसेज का मोराल खत्म कर रहे हैं जिनके ऊपर इस मुल्क की किस्मत का दारोमदार है। जो यहां तकरीरें की गयी हैं उनसे तो उनको आप डिमारेलाइज कर रहे हैं।

इतने बड़े काम में किसी जगह एक कम्बख्त पहाड़ का टुकड़ा टूट गया। उसके बाद क्या हुआ? उसके बाद दूसरे नम्बर पर एक वाल का हिस्सा टूट गया। और उस वाल का हिस्सा टूटना और पहाड़ का हिस्सा टूटना मुताल्लिक हो गया इस बात से कि इसकी जड़ें खोखली हैं। और कहा जाता है कि इसके बाद डैम का नम्बर आता है। मैं कहता हू कि यह बात बेकार है। डैम से और इस वाकें से कोई कहीं वास्ता नही है। मैंने आज भी और इससे पहले भी यह नही सुना कि किसी ने कहा हो कि तुम गलत कहते हो, उससे तो डैम का ताल्लुक है। कोई शख्स यह नही कहता कि डैम को नुक्सान पहुंचा है। वहां मेम्बरान भी गए मुआइना करने के लिए, इंजिनियर भी गए मुआइना करने के लिए और दुनिया भी गई मुआइना करने के लिए, मैं खुद भी वहा गया और मैंने भी सब कुछ अपनी आंखो से देखा। मैं कहता हू कि यह कहना कि इस डैम को नुकसान होगा बिल्कुल बेबुनियाद है। कोई ताल्लुक है ही नही इससे डैम का।

अब क्या है? एक कमेटी बनायी है। कहा जाता है वह गलत है। मैंने इस हाउस मे अर्ज किया कि हमने एक कमेटी बनायी है इसलिए कि वह एन्क्वायरी करे। किसकी हो वह कमेटी? कौन उसके मेम्बरान हों? सोचिए जरा।

एक बात और कही जा रही है। इस हाउस मे भी कहा गया है और बाहर भी कहा जा रहा है कि अभी तक यह नहीं मालूम हो सका है कि इसका काज क्या है। जिनका इस तरह के कामों से कोई ताल्लुक न रहा हो वही इस तरह की बात कह सकते है। जिनका इस तरह के कामों में ताल्लुक रहा हो और जिन्होंने

इस तरह के काम किए हैं उनके दिल में इस वजह से कोई नाराजगी पैदा नहीं हो सकती कि अभी तक काज क्यों नहीं मालूम हो सका। आज वह चीज पानी के अन्दर दबी हुई है और उसके अन्दर जो कुछ है वह पानी के अन्दर छिपा हुआ है। उसमें जाकर कोई काम नहीं कर सकता। मैं नहीं समझ सकता कि कोई उसका काज कैसे बतला सकता है। क्या कोई इंजिनियर है जो यह कहता हो कि वह आज उस काज को निकालकर बता सकता है। आज तक किसी ने ऐसा नहीं कहा। न जाने कहां से लोगों को इंसपिरेशन मिलता है, कहां से खबरें मिलती हैं, कहां से दिमागों में रोशनी आ रही है कि उसका काज मालूम हो गया है। पहले ही दिन मैंने अर्ज कर दिया था कि यह उस वक्त मालूम होगा जिस वक्त कि पानी हट जाएगा। हो सकता है कि दस रोज में हो, १२ रोज में हो, १५ रोज में हो, जब कि यह कार्रवाई खत्म हो जाएगी। इस में मायूस होने की कोई वजह नहीं है। वहां पर काम हो रहा है। मैंने पहले ही इस हाउस में अर्ज कर दिया कि वहां जो पानी आता था उसका आधा तो डाइवर्ट कर दिया जा चुका, वह आधा पानी पावर हाउस के पास अब जाता नहीं। जो आधा पानी बाकी है उसको हटाने के लिए इन्तिजाम हो रहा है और हमको तवक्को है कि वह इन्तिजाम कामयाब होगा। और मैंने यह भी अर्ज कर दिया था कि वह चीज भी तैयार हो गयी है, उसमें कंक्रीट डाली गयी है, उसके खुश्क होने में तीन चार दिन लगेंगे तब वह इस काबिल होगी कि उस पर बोझा रखा जा सके। इस वजह से वह काम अभी नहीं हो पाया है। वह काम भी पूरा हो जाएगा और वह आधा पानी भी बन्द हो जाएगा।

कुछ टैकनिकल बातें मैंने सुनीं, लेकिन मेरे पास उनका जवाब देने का वक्त नहीं है। जिन साहिबान ने यह टैकनिकल बातें कहीं हैं, मैं उनको दावत देता हूं आपके जरिए कि वह मेरे पास तशरीफ लायें। मैं खुद उनको उन बातों का जवाब दूंगा। मैं इस वक्त भी उन टैकनिकल बातों का जवाब दे सकता हूं लेकिन वक्त कम है और मुझे कुछ थोड़ी सी और बात भी कहनी है। लेकिन मैं उन साहिबान को दावत देता हूं कि वह मेरे पास तशरीफ लायें।

इसी सिलसिले में स्लोकम साहब का जिक्र आया। वह अमरीका के एक नामी इंजिनियर हैं। वह यहां आए। मैं अर्ज कर चुका हूं पूरे तौर पर अपने स्टेटमेंट में और अब आपके जरिए कहना चाहता हूं कि जितने किस्से आजतक स्लोकम साहब की मुखालिफत के बारे में मशहूर हुए हैं उनमें से एक भी सही नहीं है कोई नाइत्तिफाकी नहीं है। यहां पर यह कहा गया कि पहले जितनी गड़बड़ी हुई और जितना काम हुआ उसके अन्दर स्लोकम साहब का इत्तिफाक नहीं था। लेकिन यह सही नहीं है। मैं अर्ज करूं कि अगर चार वकील एक मुकदमे को लेकर बैठते हैं तो हो सकता है कि कुछ प्वाइंट्स पर उनकी मुख्तलिफ राय हो लेकिन आखिर में उनमें इत्तिफाक हो जाता है और तभी वह मुकदमा आगे चलता है। इसी तरह से हो सकता है कि इस काम में भी कुछ छोटी बातों में पहले कुछ राय में फर्क रहा हो लेकिन आखिर में वह एक ही नतीजे पर पहुंचे। तो स्लोकम साहब का एक किस्सा बन गया, एक अफसाना बन गया। इस सिलसिले में मुझे एक शेर याद आ गया :

बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का
जो चीरा तो एक कतरए खूं न निकला।

मेरे पास वक्त कम है लेकिन मैं तो इन बातों को देखते हुए इस नतीजे पर पहुंचता हूं कि जो कुछ देखता हूं ....

उपाध्यक्ष महोदय : आप आराम से अपना वक्त लें।

श्री यादव (बाराबंकी) : उपाध्यक्ष महोदय, अगर आप आधे घंटे का समय और बढ़ा दें तो ज्यादा अच्छा होगा।

उपाध्यक्ष महोदय : उनको जवाब देने के लिए पूरा मौका दिया जाएगा ।

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : अब स्लोकम साहब के बारे में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि उन्होंने अपना ख्याल कभी कुछ जाहिर किया हो, लेकिन रिकार्ड मेरे सामने है जिसमें लिखा है कि उनके इत्तिफाक से हर बात होती आयी है । और फिर यह किस्सा सुनने में आया कि वह डिक्टेटरी चाहते हैं, एब्सोल्यूट पावर चाहते हैं । लेकिन उसके बाद आप सबने सुन लिया कि बोर्ड की बैठक में उन्होंने इत्तिफाक किया और जिस हैसियत मे वह पहले थे उसी हैसियत को मंजूर किया और जो बाते उनके सामने रखी गयीं उनसे इत्तिफाक करते हुए उन पर अपने दस्तखत कर दिए । तो मैं अर्ज करूं कि यह किस्सा इस काबिल नही था कि इसको अहमियत दी जाती और उसको इस हाउस मे लाया जाता । मैं आपके जरिए अपने भाइयो से अर्ज करना चाहता हूं कि उनका इस हाउस मे इस बात का कहना कुछ माना रखता है । वह जो यहा पर जिम्मेवार बन कर आए हैं उनके लफ्जो के माना यहा और दुनिया के अन्दर बहुत होते हैं । अगर कोई दूसरा आदमी इस बात को कहता हो तो उसके लफ्जो के वह मानी नही होगे जो एक मेम्बर की बात के होगे । अगर दूसरे २५ आदमी कहें कि बाध तबाह हो गया तो उसकी उतनी वुक्कत नही होगी जितनी कि एक मेम्बर के यह कहने की । मेम्बर साहब हमारे बुजुर्ग हैं, हमारे रहनुमा हैं, हमारे लीडर हैं, हमको रास्ता दिखाने वाले है, हमारी खिदमत करते हैं । क्या उनकी बात का ऐतबार नही किया जाएगा । इसलिए मैंने अर्ज किया कि हमें यहा कोई बात कहने में अहतियात की बहुत जरूरत है ।

खैर, स्लोकम साहब को छोड दीजिये । और टैकनिकल प्वाइंट्स को भी मैं थोडी देर के लिये छोडे देता हू । अब कहा जाता है कि एक कमेटी बनायी जाये जो जजो की हो । मेरी समझ मे यह बात नही आई । मैं कतअन इस बात को नही समझा और मैं ने उस कहने के साथ में कोई दलीलें भी इस बात की नहीं सुनी कि इस इस वजह से और इस इस आर्ग्युमेंट की बिना के ऊपर यह बात मौजू और माकूल समझी जाती है कि इस काम के मुताल्लिक तहकीकात करने वाली कमेटी जज की हो—उस में एक जज हो और उस के साथ और आदमी हो । यह भी कहा गया कि उस कमेटी में ऐसा कोई शख्स न हो, जिस का किसी किस्म का कुछ ताल्लुक उससे रहा हो । जो कमेटी बनाई गई है, जिस के मेम्बरान के नाम मे ने यहा पढे, अगर मेम्बर साहबान उन को मुलाहिजा फरमायें, तो उन को मालूम होगा कि उन मे सब ऐसे ही आदमी हैं सिवाय एक शख्स के और वह है खोसला साहब । खोसला साहब का ताल्लुक बोर्ड आफ कनसल्टेन्टस् से रहा है । मैं हुजूर के सामने अर्ज करना चाहता हू कि वह इस तरफ तवज्जह फरमायें कि एक कमेटी बनाई गई है एक मामले की तहकीकात करने को और तहकीकात कर के उस के मुताल्लिक कुछ रायें देने और तदबीरें बताने के लिये । जो शख्स उस की पहली हिस्ट्री से वाकिफ हो, जिन का उस से बराबर ताल्लुक रहा हो, उन मे से एक एक को चुन चुन कर खारिज कर दू और उन आदमियो को मेम्बर बनाऊ, जिनका बिल्कुल किसी किस्म का ताल्लुक नही है, तो मैं क्या समझू इस बात को ? जो फैक्ट्स हैं, इन को कौन रखेगा उन के सामने एक ही आदमी रखे गये हैं खोसला साहब और वह इस लिये रखे गये हैं कि वह उन फैक्ट्स को—पहली बातो को, जो कि हो चुकी हैं, हुई हैं, बाकी लोगो को बतायें और उन के बारे मे अपनी राय दे । बाकी मेम्बर उस को सुनेंगे और फिर जैसा मुनासिब हो, वह फैसला करेंगे, और राय देंगे । और लोग उन के मातहत तो हैं नही कि उन से दब कर राय दे देंगे । इसलिये मैं इस नतीजे पर नही पहुचा

कि जो कमेटी तजवीज की गई है, उस को बदल दिया जाये । मैं ने पहले भी कहा है और मैं फिर कहता हूं कि मेम्बर साहबान मेरे पास आ कर सजेस्ट करें कि फलां इंजीनियर है, फलां इंजीनियर नहीं है ? तो मैं सोचूं, उस पर गौर करूं ।

उस के अलावा है रुपये का मामला—खर्चा क्या होगा ? किस कद्र रुपया इस में इन्वाल्व्ड है, इस मामले की निस्बत सफाई कुछ मेम्बर साहबान चाहते हैं । मैं ने इस हाउस में अपने स्टेटमेंट में अर्ज किया कि जहां तक डैमेज का ताल्लुक है, उस के सिलसिले में तो ५५ लाख रुपया खर्च होगा और उस के ऊपर कोई एक करोड़ रुपया और खर्च हो जायेगा । यह खर्च मैं ने अर्ज किया । उस के मुकाबले में आती हैं रकमें नौ करोड़ रुपयों की, आठ करोड़ रुपयों की । मेरी निस्बत यह फरमाया गया कि मैं ने कुछ दलीलें इस बात की नहीं दीं कि वह ५५ लाख या एक करोड़ रुपया क्यों खर्च होगा, लेकिन जवाब में मैं ने कोई दलील नहीं सुनी कि नौ करोड़ रुपया किस तरीके से खर्च होगा । मैं ने तो उस का मुस्तकिल डिनायल किया है और आज फिर हाउस में खड़े हो कर कहता हूं कि वह बात बेबुनियाद और गलत है और सही नहीं है । मैं जानता हूं कि ये बातें कहां से चलती हैं । लेकिन इस हाउस में मैं कहने का नहीं हूं । मगर हूं मैं इसी दुनिया का आदमी । इस दुनिया का कुछ न कुछ जानता हूं और समझता हूं और इस लिये कह सकता हूं कि कहां से चलती है । मेम्बर साहबान मेरे घर बैठें या अपने घर बिठा कर बातें करें । मैं तो दावत खाने को भी तैयार हूं और खिलाने को भी तैयार हूं—दोनों के लिये तैयार हूं ।

श्री ब्रजराज सिंह (फिरोजाबाद) : पहले दीजिये ।

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम : जरूर दीजिये—जिस वक्त चाहे, दावत खाइये ।

229 LSD—10.

लेकिन मेम्बर साहबान अगर हिदायत दें मुझ को, तो मैं उस हिदायत को ठुकरा नहीं सकता । मेरा शुरू से यह तरीका रहा है और मैं उस को बड़ी वक्अत देता हूं और जहां तक मुझ से हो सकता है, मैं उस बात को पूरा करने की भी कोशिश करता हूं । मैं गुफ्तगू कर लूंगा, बतला दूंगा, जो कुछ मेरा ख्याल है, वह भी अर्ज कर दूंगा । सुन भी लूंगा, जो कुछ मैम्बर साहबान फरमाते हैं और बिल्कुल गैरजानिबदारी से उस मामले को देखूंगा । लेकिन जो इस वक्त किया है और जो कुछ इस वक्त हम को यहां करना है, उस के लिये जो कुछ कदम उठाना जरूरी है, उस के होते हुए भी अगर इस बात की जरूरत महसूस की जाये कि उस कमेटी को तब्दील कर दो और उस के बजाये और कोई कमेटी बना दो, या जिन इंजीनियरों के साथ में इस वक्त यह काम है, उस से ले कर और इंजीनियर के हाथ में दे दो, तो मैं अर्ज करूं कि दूसरा आने का नहीं है । अगर आप दूसरे को बुलायें, तो वह आने का नहीं है । जो पहले का—अपने प्रिडिसेसर का—हश्र देख लेगा, उस की हिम्मत कभी भी नहीं होगी आने की और वह समझेगा कि

निकलना खुल्द से आदम का सुनते आये हैं लेकिन
बहुत बे-आबरू हो कर तेरे कूचे से हम निकले

यह देख कर वह कभी आने का नहीं है । मैं इंजीनियरों को बुलाऊं, तो उन दिक्कतों और उन मुश्किलात को भी सामने रखना चाहिये, जो कि मेरे सामने आती हैं और उन लोगों के सामने आती हैं, जो कि उन कामों को करते हैं ।

इस मामले को हमदर्दी और ताल्लुक के साथ सबको देखना चाहिये, इस पर सब को इत्तिफाक है । कोई इससे इन्कार नहीं कर सकता । इंजीनियर मुलाजिम हो या न मुलाजिम हो, वह खास पंजाब में रहता हो, या

[हाफिज मुहम्मद इब्राहीम]

हिन्दुस्तन मे कही और रहता हो, सब को भाखडा बाध अजीज है और वह बिलकुल हमारी दिलोजान है। हम उस के लिए सब कुछ करने के लिये तैयार है। कोई मेम्बर इस हाउस मे नही मिलेगा, जो कि इस से इख्तिलाफ रखता हो। लेकिन नेशन मे ना-उम्मीदी पैदा करना, कौम मे डीमारालाइ-जेशन पैदा करना, मै नही समझता कि वह सही हो सकता है और उसको बन्द करना चाहिये। जहा तक गवर्नमेंट के मुलाजिमो को हिदायत देने की, बतलाने की जरूरत का ताल्लुक है, उसका तरीका मैने अर्ज किया है और उस तरीके को अख्तियार कर के उस मे कामयाबी हो सकती है। उससे हमदर्दी भी हासिल की जा सकती है। ठीक दिल से काम भी हो सकता है। इस लिये मै आप के जरिये से मेम्बर साहबान की खिदमत मे यही अर्ज कर रहा हू कि जहा तक भाखडा का ताल्लुक है, भाखडा गरीब को बदनाम न किया जाये। वह ऐसी रफी-उश्शान मंजिल बन रही है हिन्दुस्तान के अन्दर कि दुनिया देखेगी उस को और समझेगी कि हा, हिन्दुस्तानी भी कुछ हैं, उनकी कुछ हकीकत है, कुछ इल्म रखते है और कुछ वाकफियत भी रखते है। अभी मेरे दोस्त कह रहे थे कि क्यो नही अमरीका और इगलैंड से एक्सपर्ट्स को बुलाते। मै इस बात को अच्छा समझता हू कि मेरा हिन्दुस्तान का इजीनियर दस दफा ठोकर खा कर गिरे, लेकिन वह अपनी काबलियत से इस काम को पूरा करे। मै तो वह आदमी हू। मै किसी इजीनियर से काम बिगडने पर उसका ना अहल नही करार देता।

श्री बी० च० शर्मा अगर यही बात है, तो स्लोकम को क्यो बुलाया है ?

हाफिज मुहम्मद इब्राहीम अगर उन को बुलाया, तो मै यह कब कह रहा हू कि ठीक किया। मेरे अर्ज करने का जो मतलब है, उसके जो नतीजे निकलते है उसको हर एक साहिबे अक्ल समझ सकता है कि उस का क्या नतीजा निकलता है। मुझे कहने और सुनाने की जरूरत नही है। एक फारसी का शेर है, जिस के मानी मै अर्ज कर दूगा, वह इस तरह है—"हक्का कि बा उकूबत दोजख बराबर अस्त", यानी कसम खाता हू खुदा की कि दोजख के बराबर है, क्या ? "रफतन बपाये मर्दिये हमसाया दा बहिश्त"—जन्नत मे जाना पडौसी की मदद से। मै अमरीका का मरहून-मन्नत, उसका पाबन्द बनू, उसकी खिदमत करता फिरू, कोशिश करके उसमे मदद हासिल करू, औरो की हासिल करू, तो जो कुछ मै अपनी जवामर्दी मे कर सकता हू, वह क्यो न करू ? मै मेम्बरान से अर्ज करना चाहता हू कि वे इसको अपने सामने रखे और अपनी मविसिज की खराबियो के बावजूद, बावजूद उन नुक्सानो के, बावजूद उन एतराजो के, जो उन पर किये जाते है, उनकी कीमत को समझे और समझ कर इस बात की कोशिश करे कि वे दिल से काम करे।

बाकी जो आपका फरमाना है, इस हाउस का कहना है, उसके सामने मै कोई चीज नही हू। यहा पर जो चीज पास कर दी जाये, मेरी क्या मजाल है कि मै कही एक कदम भी हिल सकता हू—मै उसके खिलाफ कभी नही जा सकता हू। यह अर्ज करने का मौका है, इसलिये मै अर्ज कर रहा हू। मै उम्मीद करता हू कि मेम्बर साहिबान इस तरफ तवज्जह फरमायेंग और इसके साथ-साथ मै इस बात को एक बार फिर दोहराता हू कि भाखडा डैम जो है, वह बिल्कुल सही है, बिल्कुल महफूज है, उसका कुछ भी बिगडा नही है। मै खुदा से दरख्वास्त करता हू कि उसका कभी भी कुछ न बिगडे और बिगडेगा भी नही। कोई बात ऐसी नही होगी और न हम कोई ऐसी बात होने देंगे। हम इसको बरदाश्त नही करेंगे कि वह बिगडे, वह तबाह हो और हिन्दुस्तान को जो इससे फायदा पहुचने वाला है, उससे वह महरूम हो जाये या वह फायदा उसको न पहुचे। इन्सान

भरोसा रख और भरोसा रख कर आगे बढ़ जो काम आज नहीं हो सका है, उसको हम कल कर लेंगे, जो आज नहीं हो सका है, उसको सुबह कर लेंगे। हमको यकीन अपने ऊपर होना चाहिये कि हम सब काम कर लेंगे, अगर अब नहीं कर सके है, तो अगली सुबह कर लेंगे। हमें अपनी हिम्मत को कायम रखना है। जो कदम अब नही उठे है, वे कल उठ जायेंगे अगले मिनट मे उठ जायेंगे।

इन अलफाज के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हू कि आपने मुझे इतना वक्त दिया और मैं उम्मीद करता हू कि मैम्बर साहिबान को भी पूरा इत्मीनान हो गया होगा पूरी तसल्ली हो गई होगी।

Shri Narayanankutty Menon (Mukandapuram): On a point of clarification Immediately after Mr Slocum's arrival here after the mishap, there were many controversial paper reports that there was a cold war developing between Mr Slocum and the engineers here Of course, it is not believed, but I would like to know whether that is over now and there is complete unanimity between them

Mr Deputy-Speaker He has answered that already

Hafiz Mohammad Ibrahim I have explained that already

उपाध्यक्ष महोदय कोई झगडा स्लोकम और बाकी इजीनियर्स मे नही है। पूरे इत्तिफाक से फैसले हो रहे हैं। जिन बातो के फैसले होते है पूरे इत्तिफाक से होते है, और जो बातें आज तक की है, वे आपस मे मश्विरे से की हैं। कोई फर्क नही उनमे आया है।

Shri Warior (Trichur) I would request that those of us who have not understood the speech of the hon Minister in Hindi may get the translation of it in English

Mr Deputy-Speaker: He has told us that everything is being decided by mutual consultation, and there are absolutely no differences between Mr Slocum and the other engineers The difference had arisen at a particular moment, but now adjustments have been made, and he has agreed to everything that has so far happened

Shri Narayanankutty Menon: Thank you very much

श्री प्र० सि० दौलता मत्री महोदय ने कहा है कि डैम को कोई खतरा नही है। डैम का सवाल नही है। हम यह जानना चाहते हैं कैटिगोरिकली गवर्नमेंट से जानना चाहते हैं साफ तौर से जानना चाहते हैं कि जो बगल की पहाडियां हैं अगर वे लूज हो गई और उनमे से पानी बह गया तो क्या होगा ? डैम बहस में नही है। सवाल यह है कि जो बगल की पहाडियां हैं उनको इतना थोथा तो नही कर दिया गया है कि उनको कही पानी तो नही तोड सकेगा ?

उपाध्यक्ष महोदय इसके बारे में कौन कुछ कह सकता है।

क्या सरदार इकबाल सिह को अब कुछ कहना है ?

सरदार इकबाल सिंह मै एक दो मिनट मे खत्म कर दूगा।

जिन मैम्बर साहिबान ने इस बहस मे भाग लिया है मैं उनका शुक्रगुजार हू। जो बडा हादसा हुआ था इसके बारे मे इस हाउस को और इस हाउस के जरिये सारे मुल्क की अटेंशन डाइवर्ट करने की कोशिश की गई है। जहां तक भाखडा डैम के इजीनियर्स का ताल्लुक है मैं समझता हू कि वहा जो काम करने वाले हैं, वे बहुत ही बेहतरीन इजीनियर्स हैं और बहुत ही बेहतरीन काम करने वाले वे लोग हैं। हमें उन पर फख्र है, उनके काम पर फख्र है। इन्क्वायरी कमेटी के बारे में मैंने इस वास्ते अपनी बात नही कही है कि मुझे

[सरदार इकबाल सिंह]

उन पर एतमाद नहीं है । जहां तक जनरल मैनेजर और दूसरे इंजीनियर्स का ताल्लुक है, उन्होंने बैस्ट काम किया है और उन पर पंजाब के लोग और शासन फख्र कर सकते है ।

जहां तक भाखड़ा डैम से खुशहाली होने का ताल्लुक है, जो खुशहाली उसके साथ कम से कम पंजाब के लोगों की वाबस्ता है, उससे सब लोग वाकिफ हैं । इसलिये जो उसके बारे में एकशन और रिएकशन हो रहा है, वह लाजिमी तौर पर पंजाब के लोगो पर आता है । इन तीन चीजों को मद्देनजर रखते हुये इस डिसकशन की मांग की गई थी और साथ ही साथ जो दस वर्कर्स वहा पर मरे हैं उनको कम से कम हमें अपनी बधाई भेजनी चाहियें कि उन्होंने बड़ी बहादुरी के साथ आखिरी वक्त तक जब मौत भी उनको नजर आ रही थी, अपनी ड्यूटी निभाई है, ड्यूटी पर वे डटे रहे हैं और इस काम के लिये उन्होंने अपनी जानें दी हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय यह पहले भी मिनिस्टर साहब कह चुके हैं और इसको किया जा चुका है । हम सब को इस बात पर फख्र है कि उन लोगो ने अपनी जानो पर खेल करके भी अपनी ड्यूटी अदा की है, अपनी जानें कुर्बान की हैं । मेरा ख्याल है कि मृत व्यक्तियो के परिवारो को हमारी हमदर्दी पहुचा दी जायेगी ।

चौ० रणवीर सिंह मुझे भी एक प्रश्न पूछना है और आपकी आज्ञा हो तो....

उपाध्यक्ष महोदय सवाल का वक्त चला गया । मेरा सवाल अब आप सुनिये ।

The question is:

"That this House takes note of the Statements made by the Minister of Irrigation and Power in the House on the 22nd August, 24th August, 2nd September and 7th September, 1959, regarding the damage caused by the accident on the 21st August, 1959 to the hoist chamber of a tunnel at the Bhakra Dam".

The motion was adopted

17.46 hrs.

*TUNGABHADRA HIGH LEVEL CANAL

Shri Rami Reddy (Cuddapah): Mr Deputy-Speaker, at the outset, I express my gratitude to you for the opportunity you have given me to raise this discussion in spite of heavy pressure of work before the House.

Three points arise for discussion in regard to this Tungabhadra High Level Canal They are

(a) Elimination of Chitravathi anicut and Pulivendla Canal from the scheme;

(b) The capacity of the Mid-Pennar reservoir and the Mid-Pennar South Canal and its head sluice, and

(c) The Phasing of the scheme itself into two phases

I am confining my remarks purely to these three aspects, because of the shortness of the time at my disposal This scheme is intended to benefit the famine-stricken areas of Cuddapah, Anantapur, Kurnool and Bellary districts These are famine-stricken areas. Here the rainfall is the lowest in the south. The *per capita* income is also the lowest; though the people are very hard-working, they have no other source of irrigation. This area is subject to famine once in every two or three years. Therefore, the composite Madras State contemplated this High Level Canal scheme for the benefit of these four districts. This has been under contemplation of the composite Madras State for over 100 years. Several investigations had been done, and for a proper appreciation of the three points I have raised, I may

* Half-an-hour discussion.